तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, सोमवार, 3 नवंबर 2025



11 सिसाना में मनाया श्री खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव



12 उत्साह के साथ निकाला नगर कीर्तन

## खबर संक्षेप

### रभड़ा का युवक अवैध शराब के साथ काबू

**गोहाना।** क्राइम यूनिट गोहाना की टीम ने गांव रभड़ा के मोहित को भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब और बियर के साथ काबू किया। वह स्विफ्ट डिजाइर कार में अवैध शराब लेकर जा रहा था। सदर थाना में केस दर्ज किया गया।

सहायक उप निरीक्षक नरेंद्र पुलिस टीम के साथ गश्त कर रहे थे। उन्हें सूचना मिली कि गोहाना-गन्नौर मार्ग स्थित गामड़ी रजवाहे के पास मोहित कार में अवैध शराब लेकर खड़ा है। सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची। वह पुलिस को देखकर कार छोड़ कर भागने लगा। पुलिस ने उसे काबू किया और कार की तलाशी ली। कार में सभी सीटों व डिग्गी में शराब व बियर की पेटियां भरी मिली। पुलिस ने विभिन्न मार्का की अवैध शराब के 1824 पव्वे, 24 अध्धे व 192 केन बियर बरामद की।

### टहलने निकला था व्यक्ति झपट लिया मोबाइल फोन

**सोनीपत।** चावला कॉलोनी में खाना खाने के बाद रात को टहलने निकले व्यक्ति का दो झपटमार मोबाइल छीनकर भाग गए। थाना सिविल लाइन पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।चावला कॉलोनी गली नंबर 2 निवासी रविंद्र आहुजा ने सिविल लाइन थाना में मुकदमा दर्ज कराया है कि वह रात को करीब दस बजे खाना खाने के बाद टहलने निकले थे और मोबाइल पर बात कर रहे थे। इसी दौरान प्लेटिना बाइक पर सवार दो युवक आए और झपट्टा मारकर उनका मोबाइल छीनकर भाग गए। पीड़ित ने बाइक का नंबर नोट कर लिया। उन्होंने मामले से पुलिस को अवगत कराया।

### ड्राइवर से लूटपाट मामले में आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** जिले के थाना मुरथल पुलिस ने ड्राइवर को बंधक बनाकर गाड़ी से नकदी, मोबाइल और सामान लूटने की वारदात में संलिप्त 11वें आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित इश्तियाक उर्फ ताहीर मुल्ला पुत्र अब्बास निवासी मुजफ्फरनगर, उत्तरप्रदेश को प्रोडक्शन वारंट पर हिरासत में लिया।यह मामला 3 नवंबर 2024 की रात का है, जब शिकायतकर्ता मोहम्मद शहजाद निवासी संभल (उत्तरप्रदेश) अपनी लोडिंग गाड़ी में घी के टिन और कार्टून लेकर गाजियाबाद से देहरादून जा रहा था। मुरथल के पास जीटी रोड पर सफेद कार सवार पांच युवकों ने उसे रोककर बंधक बना लिया, उसका मोबाइल और 51 हजार रुपये छीन लिए तथा घी के 337 कार्टून और टिन लेकर फरार हो गए। इस संबंध में थाना मुरथल में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने अब तक मंदीप, आदिल, अमीर, आजाद, मन्नू, दीपक, शोहेब, मुकम्मिल, बिलाल और परवेज सहित दस आरोपितों को गिरफ्तार किया था।

---

सोनीपत की हवा फिर जहरीली, प्रदूषण ने बढ़ाई शहरवासियों की चिंता

# एक्यूआई 284-कचरा जलाने और धूल उड़ने से बिगड़ रही वायु गुणवत्ता

हरिभूमि न्यूज ⏩ सोनीपत

दीपावली के बाद से प्रदूषण का संकट सोनीपत में कम होने का नाम ही नहीं ले रहा। लगातार सोनीपत की जलवायु प्रदूषित हो रही है। एक्यूआई खराब श्रेणी में बना हुआ है। हल्की हवा चलने के बावजूद प्रदूषण का स्तर कम होने की बजाय और बढ़ गया है। रविवार को शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 284 दर्ज किया गया, जो 'खराब' श्रेणी में आता है। एक दिन पहले यह 239 था। हवा में मौजूद प्रदूषक कणों की बढ़ती मात्रा अब लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है। सोनीपत की हवा में बढ़ता जहर अब केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह जनस्वास्थ्य की गंभीर समस्या बनता जा रहा है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में स्थिति और भी भयावह हो सकती है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए लागू ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप)-2 के बावजूद हालात में सुधार नहीं हो पा रहा है। योजना के तहत खुले में कचरा जलाने, निर्माण स्थलों पर धूल उड़ाने, और औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले धुएं पर सख्त रोक लगाई गई है। बावजूद इसके शहर के विभिन्न इलाकों में खुले में कूड़े के ढेर जलते देखे जा रहे हैं। इससे निकलने वाला धुआं न केवल वातावरण को दमघोंटू बना रहा है बल्कि नागरिकों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डाल रहा है। नगर निगम और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की निष्क्रियता से हालात और बिगड़ते जा रहे हैं।

हवा में मौजूद प्रदूषक कणों की बढ़ती मात्रा अब लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही

- कम होने की बजाय बढ़ रहा वायु प्रदूषण
- (ग्रैप)-2 लागू होने के बाद भी नहीं हुआ सुधार
- नगर निगम की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल



### नगर निगम की लापरवाही से धुआं बना जानलेवा

नगर निगम की सफाई व्यवस्था में लापरवाही का आलम यह है कि जगह-जगह सड़कों के किनारे और नालियों के पास कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। जब कचरा समय पर नहीं उठता, तो सफाई कर्मचारी या स्थानीय लोग इन ढेरों में आग लगा देते हैं। इससे उठने वाला काला धुआं हवा में मिलकर पूरे शहर को धुंध की चादर में ढक देता है। नालियों में सड़ता कचरा, दुर्गंध और उठता धुआं नागरिकों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गया है।

### एक्यूआई में उतार-चढ़ाव, राहत के आसार नहीं

पिछले एक सप्ताह के आंकड़ों पर नजर डालें तो सोनीपत में वायु गुणवत्ता लगातार बिगड़ती जा रही है। 26 अक्तूबर को एक्यूआई 219 दर्ज किया गया था, जो 28 अक्तूबर को बढ़कर 343 तक पहुंच गया, जिसे 'बेहद खराब' श्रेणी में रखा जाता है। 30 अक्तूबर को यह 330, 31 को 317 रहा। पहली को थोड़ी राहत जरूर मिली जब यह 239 तक गिरा, लेकिन 2 नवंबर को फिर बढ़कर 284 पहुंच गया। इससे स्पष्ट है कि प्रदूषण नियंत्रण की कोशिशें प्रभावी नहीं हो पा रही।

### विशेषज्ञों की चेतावनी और बढ़ेगी मुश्किल



पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि यदि खुले में कचरा जलाने और धूल उड़ाने के मामलों पर सख्ती से रोक नहीं लगाई गई, तो शहर का एक्यूआई जल्द ही 'बेहद खराब' या 'गंभीर' श्रेणी तक पहुंच सकता है। ऐसी स्थिति में बच्चों, बुजुर्गों और अस्थमा जैसे रोगों से पीड़ित लोगों के लिए सांस लेना भी मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने नगर निगम और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से तत्काल संयुक्त कार्रवाई की मांग की है ताकि प्रदूषण के स्रोतों पर रोक लगाई जा सके।

### अब तापमान में कमी का दौर शुरू होगा

मौसम परिवर्तनशील बना हुआ है। अब तापमान में कमी का दौर शुरू होगा। सप्ताह के अंत तक न्यूनतम तापमान 11 डिग्री व अधिकतम तापमान 24 डिग्री तक आ सकता है। अभी अधिकतम तापमान 30 डिग्री व न्यूनतम 16 डिग्री पर है। हवा चलने से ही प्रदूषण का स्तर कम हो सकता है। - **डॉ. प्रेमदीप**, वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र, जगदीशपुर

---

# 2.28 किलो चरस की खेप के साथ दो काबू

हरिभूमि न्यूज ⏩ सोनीपत



जिले की एसयूएजी यूनिट सेक्टर-7 सोनीपत पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के एक मामले में दो आरोपितों को चरस सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान नितेश उर्फ टाटा पुत्र राजदेव और गोलू पुत्र अंजनी, दोनों निवासी जिला शिवहर बिहार हाल टिकरी खुर्द दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, 1 नवंबर को उप निरीक्षक राजबीर अपनी टीम के साथ गश्त पर निफ्टम चौक, कुंडली पर मौजूद थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि दो युवक स्कूटी पर सवार होकर पानीपत रोड पर यीशु फैब्रिकेशन के पास चरस बेच रहे हैं। पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर छापा मारा और दोनों युवकों को काबू किया। तलाशी के दौरान नितेश के पास से काले रंग के बैग में तीन पैकेट चरस बरामद हुई, जिसका वजन 1 किलो 541 ग्राम निकला। वहीं गोलू की स्कूटी की डिग्गी से दो पैकेट चरस मिली, जिनका वजन 740 ग्राम था। कुल मिलाकर पुलिस ने दोनों से 2 किलो 281 ग्राम चरस बरामद की। आरोपित इस संबंध में कोई परमिट या लाइसेंस पेश नहीं कर सके।

पुलिस ने मादक द्रव्य पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार किया। जांच पूरी होने के बाद आरोपितों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

## दुष्कर्म के आरोप में दो युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏩ सोनीपत




थाना बहालगढ़ पुलिस ने महिला के साथ दुष्कर्म करने और दुष्कर्म का प्रयास करने के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान हरिश और प्रवीन निवासी जोशी चौहान जिला सोनीपत के रूप में हुई है। मामला 27 अक्तूबर 2025 का है, जब उत्तर प्रदेश निवासी एक महिला ने थाना बहालगढ़ में शिकायत दी थी कि हरिश ने उसके साथ दुष्कर्म किया, जबकि प्रवीन ने दुष्कर्म का प्रयास किया। शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। थाना प्रभारी अनिल ने बताया कि महिला के बयान मजिस्ट्रेट के समक्ष दर्ज करवाकर विशेषज्ञों और लीगल ऐड से काउंसलिंग कराई गई। पुलिस जांच के बाद आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

---

व्हाट्सएप कॉल कर ठग ने भरोसे में लिया

# गढ़ी ब्राह्मण के युवक के साथ साइबर ठगी चचेरा भाई बनकर लगाई 4.60 लाख की चपत

हरिभूमि न्यूज ⏩ सोनीपत

जिले के गांव गढ़ी ब्राह्मण का एक ग्रामीण साइबर ठगों की चाल का शिकार बन गया। ठगों ने व्हाट्सएप कॉल पर खुद को उसका चचेरा भाई बताकर विश्वास में लिया और अस्पताल में पत्नी के भर्ती होने का झांसा देकर 4.50 लाख रुपये ठग लिए। यह रकम 60 बार में विभिन्न खातों में ट्रांसफर कराई गई।

गांव गढ़ी ब्राह्मण निवासी ओमप्रकाश ने साइबर थाना सोनीपत में दी शिकायत में बताया कि 21 अक्तूबर को उनके मोबाइल नंबर पर एक व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को उनका चचेरा भाई रवि बताया और घर में आर्थिक सहायता भेजने की बात कही। उसने उनकी पत्नी से बैंक खाता नंबर मंगवाया और 16.15 लाख रुपये जमा कराने की फर्जी बैंक स्टेटमेंट भी भेज दी।

### पत्नी के अस्पताल में भर्ती होने का बहाना, बाद में फोन बंद मिला



*इसके बाद ठग ने बहाना बनाया कि उसकी पत्नी गंगाराम अस्पताल में भर्ती है और इलाज के लिए तत्काल चार लाख रुपये की जरूरत है। इस पर ओमप्रकाश की पत्नी ने विश्वास में आकर 60 लेनदेन में 4 लाख 49 हजार 994 रुपये ठग के बताए खातों में भेज दिए। बाद में जब संपर्क करने का प्रयास किया गया तो मोबाइल नंबर बंद मिला, तब उन्हें ठगी का पता चला। ओमप्रकाश ने तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराई और उसके बाद साइबर थाना सोनीपत में लिखित शिकायत दी। पुलिस मामले की जांच कर ठगों का सुराग लगाने में जुटी हुई है।*

---

## पांच लावारिस अस्थियों का हरिद्वार में किया विधिवत विसर्जन




**सोनीपत।** सेफ इंडिया फाउंडेशन द्वारा जिला सोनीपत के विभिन्न शमशान घाटों से एकत्र की गई 5 लावारिस अस्थियों का हरिद्वार में गंगा जी में विधि-विधान से विसर्जन किया गया। इस कार्य की शुरुआत सुबह 5 बजे तिरंगा चौक स्थित शिवमुक्ति धाम, सोनीपत से की गई। अस्थियों को लेकर संस्था की टीम हरिद्वार रवाना हुई, जिसमें संस्था के उपप्रधान प्रवीण वर्मा, समाजसेवी नरेन्द्र भूटानी, सतीश बाल्यान, मनीष बंसल, सुभाष सिसोदिया सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। सेफ इंडिया फाउंडेशन के प्रधान संजय सिंगला और चेयरमैन वाईके त्यागी ने बताया कि संस्था द्वारा हर महीने की पहली तारीख को जिले के सभी शमशान घाटों से लावारिस अस्थियों को एकत्र कर गंगा जी में विसर्जन किया जाता है। साथ ही, जो लोग आर्थिक रूप से असमर्थ हैं और अपने परिजनों की अस्थियां हरिद्वार नहीं ले जा सकते, उनके लिए भी संस्था द्वारा निःशुल्क यात्रा एवं व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती है।

---

# लाठी-डंडों से हमला करने के आरोप में चार युवक गिरफ्तार, केस

हरिभूमि न्यूज ⏩ सोनीपत

- मकान निर्माण के दौरान कहासुनी के बाद हमला बोल दिया

थाना बहालगढ़ पुलिस ने लाठी-डंडों से मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाने के मामले में चार आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सुनील पुत्र सुबे, प्रवीन पुत्र सत्यबीर, दीपक पुत्र सत्यबीर और राहुल पुत्र नरेश, सभी निवासी गांव कुमासपुर जिला सोनीपत के रूप में हुई है।

### ये था मामला

मामला 31 अक्तूबर को दर्ज हुआ था। शिकायतकर्ता अनिल पुत्र दुर्गाराम निवासी कुमासपुर ने पुलिस को बताया कि वह अपने भाई के साथ मकान निर्माण करवा रहा था। इसी दौरान पड़ोसी ओमप्रकाश और सुनील से पानी के बहाव को लेकर कहासुनी चल रही थी। 24 अक्तूबर को इसी विवाद के चलते प्रवीन, सुनील, नरेश, प्रमोद उर्फ मोनू, राहुल और दीपक ने मिलकर उसका रास्ता रोक लिया और उस पर हमला कर दिया। प्रमोद और प्रवीन ने डंडों से सिर पर वार किए जबकि दीपक और राहुल ने लात-घूंसे मारे।

घटना की जांच कर रही टीम ने चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई एएसआई अनिल के नेतृत्व में की गई। अन्य की धरपकड़ चल रही है।

---

राज्यभर के करीब 700 खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम, सभी तैयारियां पूरी

# हरियाणा स्टेट ओलंपिक गेम्स : कल से शुरू होंगे जूडो, कराटे और नेटबॉल के मुकाबले

राई और खरखौदा में होंगी प्रतियोगिताएं, 500 पुरुष और 300 महिलाएं लेगी भाग

हरिभूमि न्यूज ⏩ सोनीपत

हरियाणा स्टेट ओलंपिक गेम्स के तहत मंगलवार से सोनीपत में तीन खेलों – जूडो, कराटे और नेटबॉल की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं शुरू हो रही हैं। इन खेलों में हरियाणा के विभिन्न जिलों से करीब 700 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जो आगामी तीन दिनों तक अपने कौशल और फिटनेस का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिताएं दो स्थानों पर आयोजित की जा रही हैं। हरियाणा खेल विश्वविद्यालय, राई में नेटबॉल और जूडो के मुकाबले होंगे, जबकि खरखौदा के प्रताप स्कूल में कराटे की प्रतियोगिता खेली जाएगी। खिलाड़ियों के आवास की व्यवस्था भी पूरी कर ली गई है। जाखौली स्कूल में 200 महिला खिलाड़ियों को ठहराया गया है, जबकि खेवड़ा और बीसवां मील स्कूल में 400 पुरुष खिलाड़ी तथा सेवली स्कूल में 100 पुरुष खिलाड़ी रहेंगे। सभी स्थलों पर व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। प्रतिभागियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए विशेष टीमों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### जूडो मुकाबलों की तैयारियां पूरी

हरियाणा खेल विश्वविद्यालय, राई में जूडो के मुकाबले 4 और 5 नवंबर को आयोजित किए जाएंगे। 3 नवंबर की शाम चार से पांच बजे तक खिलाड़ियों का वजन किया जाएगा। महिला वर्ग में 70, 78 और 78 किलो से अधिक भारवर्ग के खिलाड़ी उतरेंगी, जबकि पुरुष वर्ग में 90, 100 और 100 किलो से अधिक भारवर्ग के मुकाबले होंगे। इन वर्गों के मुकाबले 4 नवंबर को सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर ढाई बजे तक होंगे, जिसके बाद तीन बजे मेडल सेरेमनी होगी। शाम को महिला वर्ग के 48, 52, 57 और 63 किलो तथा पुरुष वर्ग के 60, 66, 73 और 81 किलो भारवर्ग के खिलाड़ियों का वजन होगा। इनके मुकाबले अगले दिन 5 नवंबर को सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर ढाई बजे तक चलेंगे और तीन बजे विजेताओं को मेडल दिए जाएंगे।

### कराटे के मुकाबले पांच और सात को

खरखौदा के प्रताप स्कूल में 5 से 7 नवंबर तक कराटे के मुकाबले होंगे। 5 नवंबर को सुबह दस से दोपहर एक बजे तक पुरुष वर्ग के 50, 55 और 60 किलो भारवर्ग के एकल मुकाबले होंगे, जबकि दोपहर तीन से शाम सात बजे तक 67, 75, 84 और 84 किलो से अधिक भारवर्ग के खिलाड़ी मैदान में उतरेंगे। 6 नवंबर को सुबह नौ बजे से एक बजे तक 45, 50 और 55 किलो भारवर्ग के तथा दोपहर तीन बजे से शाम सात बजे तक 61, 68 और 68 किलो से अधिक भारवर्ग के मुकाबले होंगे। 7 नवंबर को प्रतियोगिता का समापन टीम इवेंट्स से होगा। सुबह नौ से एक बजे तक पुरुष टीमों के काटा व कुमिते मुकाबले होंगे, जबकि दोपहर तीन बजे से शाम सात बजे तक महिला टीमों के मुकाबलों से समापन होगा।

### राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता के लिए ट्रायल कल

**सोनीपत।** हरियाणा खेल विभाग द्वारा छह खेलों एथलेटिक्स, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, स्विमिंग और हैंडबॉल की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 11 से 13 नवंबर तक पंचकूला और अंबाला जिलों में आयोजित की जाएगी। इन खेलों के लिए सोनीपत जिले के खिलाड़ियों के चयन हेतु 4 नवंबर को विभिन्न स्थानों पर ट्रायल आयोजित किए जाएंगे।जिला खेल अधिकारी सोनीपत के अनुसार, एथलेटिक्स का ट्रायल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स सेक्टर-4 सोनीपत में, बैडमिंटन का ट्रायल मलिक बैडमिंटन एकेडमी सोनीपत में, वॉलीबॉल का ट्रायल प्रताप स्कूल खरखौदा में, बास्केटबॉल का ट्रायल सीआरजेड स्कूल सोनीपत में, स्विमिंग का ट्रायल ब्राइट स्कॉलर स्कूल सोनीपत में तथा हैंडबॉल का ट्रायल सुभाष स्टेडियम सोनीपत में आयोजित किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी ने सभी खिलाड़ियों से आग्रह किया है कि वे निर्धारित तिथि और स्थान पर समय पर पहुंचकर ट्रायल में भाग लें ताकि उन्हें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सके।

---

लोगों ने वाहन की तुरंत मरम्मत करवाने की मांग की

# दमकल विभाग की गाड़ी का पानी टैंक फिर लीक, अब एक वाहन के भरोसे सुरक्षा

गन्नौर। शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की सुरक्षा अब गंभीर संकट में है, क्योंकि दमकल विभाग की एक गाड़ी का पानी टैंक एक बार फिर से लीक हो गया है। विभाग के पास पहले से ही सीमित संसाधन हैं और अब टैंक लीक होने के कारण शहर व आस-पास के गांवों की आग बुझाने की पूरी जिम्मेदारी केवल एक गाड़ी के भरोसे रह गई है। यदि आने वाले दिनों में किसी भी तरह की बड़ी आगजनी की घटना घटती है तो गन्नौर को भारी नुकसान झेलना पड़ सकता है। जानकारी के अनुसार, गन्नौर फायर स्टेशन में दो बड़ी व एक छोटी दमकल गाड़ियां हैं, जिनमें से एक का पानी टैंक पिछले कुछ समय से बार-बार लीक हो रहा है। स्थानीय कर्मियों द्वारा कई बार इसकी मरम्मत करवाई गई, लेकिन यह समस्या स्थायी रूप से दूर नहीं हो सकी।

### रिपेयर के बाद फिर लीक हो जाती है



*अब एक बार फिर टैंक में लीकेज होने से गाड़ी पूरी तरह से उपयोग में नहीं लाई जा रही। इस कारण विभाग के पास आग बुझाने के लिए सिर्फ एक गाड़ी ही सक्रिय है, जो इतनी बड़ी आबादी के लिए नाकाफी साबित हो रही है।दमकल कर्मियों का कहना है कि उन्होंने इस समस्या की जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दी है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों ने भी चिंता जताई है कि यदि किसी बड़े हादसे के दौरान एकमात्र कार्यरत गाड़ी किसी अन्य स्थान पर व्यस्त रही, तो पूरे क्षेत्र को भारी संकट का सामना करना पड़ सकता है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि लीक टैंक की तत्काल मरम्मत कराई जाए या नई दमकल गाड़ी उपलब्ध कराई जाए, ताकि गन्नौर और आसपास के गांवों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। वहीं दमकल विभाग के सीनियर कर्मचारी शमशेर सैनी ने बताया कि गाड़ी की कई बार रिपेयर करवाई गई है लेकिन कुछ दिन के बाद फिर लीक हो जाती है। उन्होंने बताया कि तीन दिन पहले गन्नौर मार्किट में लगी आग पर काबू पाने के बाद ही टैंक लीक हो गया था जिसकी जानकारी*



# जावेद अख्तर को मिलेगा शिक्षा अनुसंधान साहित्य सम्मान

**मुंबई।** पटकथा लेखक और गीतकार जावेद अख्तर को भारतीय सिनेमा और साहित्य में योगदान के लिए साल 2025 का शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य सम्मान मिलने वाला है। 29 नवंबर को यह सम्मान उन्हें दिया जाएगा। 29 नवंबर को शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य सम्मान जावेद अख्तर को दो दिवसीय साहित्य महोत्सव के उद्घाटन पर दिया जाएगा। इस पुरस्कार में 7 लाख रुपये की नकद राशि, एक प्रशस्ति पत्र, देवी सरस्वती की एक रजत प्रतिमा और एक शॉल भी बॉलीवुड के नामी गीतकार को प्रदान की जाएगी। दो दिवसीय शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य महोत्सव की निदेशक गायत्रीबाला पांडा ने सम्मान से जुड़ी जानकारी साझा की।

लाइफ Style



# कियारा

## ट्रेजेडी क्वीन की भूमिका निभाती आएंगी नजर

एजेंसी ⏭ मुंबई

कियारा आडवाणी को मां बने 3.5 महीने हो चुके हैं। अपने मदरहुड को एंजॉय करते हुए एक्ट्रेस ने अपनी एक बड़ी फिल्म साइन की है, जिसकी डील पक्की हो चुके हैं। इस फिल्म में कियारा एक बड़ा रोल प्ले करने वाली हैं, जो उनके फैंस के लिए एक बड़ा सरप्राइज होगा।

पिछले साल सिद्धार्थ पी मल्होत्रा ने 'कमाल और मीना' नाम की बायोपिक का ऐलान किया था। तभी से फैंस के बीच ये चर्चा थी कि आखिर इस फिल्म में मीना कुमारी का रोल कौन निभाएगा। लंबे समय तक इस रोल के लिए कई नाम सुर्खियों में आए। खासकर कृति सेनन और कियारा आडवाणी को लेकर लोगों के बीच कयास लगाए जा रहे थे, लेकिन तब किसी भी एक्ट्रेस का नाम सामने नहीं आया था। हर कोई ये जानना चाहता था कि इस जमाने की मीना कुमारी का रोल कौन प्ले कर सकती है। अब आखिरकार इस सवाल का जवाब मिल गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कियारा आडवाणी को इस फिल्म में मीना कुमारी का रोल निभाने के लिए फाइनल कर लिया गया है। यानी कियारा अब पर्दे पर ट्रेजेडी क्वीन की भूमिका निभाती नजर आएंगी। रिपोर्ट में बताया गया कि कियारा में निर्देशक को वो खूबी दिखी है, जो मीना कुमारी के किरदार को जिंदा कर सकती है। उनके अंदर वो इमोशन्स की गहराई और विंटेज चार्म है, जो इस किरदार को खास बनाएगा. फैंस भी इस खबर से काफी खुश हैं। फिल्म से जुड़े एक सोर्स ने बताया, 'महीनों से इस प्रोजेक्ट को लेकर बातचीत चल रही थी। अब जाकर सब कुछ तय हो गया है।

हॉलीवुड मसाला



# 350 ऑडिशन के बाद मिली थी फिल्म

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जोश ब्रोलिन अपने दमदार अभिनय के लिए लोकप्रिय हैं। उन्होंने 'एवेंजर्स: एंडगेम', 'नो कंट्री फॉर ओल्ड मेन' और 'ड्यून: पार्ट टू' जैसी फिल्मों में काम किया है। जोश का कहना है कि स्टारडम के शिखर तक पहुंचने का उनका सफर बिल्कुल भी आसान नहीं था। ऑस्कर-नॉमिनेटेड एक्टर का कहना है कि डेब्यू फिल्म झोली में आने से पहले उन्होंने 350 ऑडिशन दिए थे। जोश ब्रोलिन ने साल 1985 की कल्ट क्लासिक फिल्म 'द गूनीज' से डेब्यू किया था। इससे पहले उन्हें करीब 350 ऑडिशन से गुजरना पड़ा। दिलचस्प बात यह है कि जोश के पिता जेम्स ब्रोलिन इंडस्ट्री के नामी अभिनेता, निर्देशक और निर्माता हैं।



# वेक्ना और इलेवन के बीच होगी आखिरी लड़ाई

**लॉस एंजिल्स।** सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस सीरीज का फैंस को लंबे समय से इंतजार था। इस बार सीरीज में एक्शन, ड्रामा और डर का ट्रिपल डोज मिलने वाला है। ट्रेलर के साथ ही सीरीज की रिलीज डेट भी शेयर की गई है। ट्रेलर की शुरुआत पिछले सीजन की घटनाओं के बाद हॉकिन्स के क्वारंटाइन होने के बाद से होती है। साथ ही इलेवन भी खुद को बचाने की कोशिश कर रही है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, सभी लोग खूंखार वेक्ना के खिलाफ एकजुट हो जाते हैं। लेकिन, वेक्ना इस बार दोगुनी ताकत के साथ सामने है। ट्रेलर में आगे नैन्सी, जॉयस, माइक, डस्टिन और लुकास के किरदार नजर आते हैं। सीरीज के ट्रेलर में काफी एक्शन सीन्स हैं। सीरीज में नैन्सी का किरदार कहता है, 'वह (वेक्ना) हमारी दुनिया को खत्म करने की प्लानिंग में है।



# डीसी के टीजर में दिखा जुनूनी आशिक

**मुंबई।** रजनीकांत की फिल्म 'कुली' के निर्देशक लोकेश कनगराज अब एक्टर बन चुके हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म 'डीसी'का टाइटल टीजर रिलीज हो चुका है। इसमें वामिका गब्बी उनके साथ नजर आ रही हैं। डायरेक्टर के तौर पर लोकेश कनगराज ने साउथ सिनेमा में कई हिट फिल्में बनाई हैं। कैथी, विक्रम और कुली जैसी फिल्मों में उन्होंने कार्थी, कमल हासन और रजनीकांत जैसे एक्टर के साथ काम किया। अब लोकेश एक्टिंग की दुनिया में एंट्री ले चुके हैं। अपकमिंग फिल्म डीसी का टाइटल टीजर सामने आया। इसमें लोकेश का अलग ही अंदाज दिखा। फिल्म डीसी के टाइटल टीजर में लोकेश की एंट्री दमदार तरीके से होती है, उनका किरदार खून से लथपथ नजर आता है। लोकेश ने एक्सप्रेशन भी इंटेंस दिए हैं। आगे टीजर में वामिका गब्बी दिखाई देती हैं।



# जटाधरा का नया गाना शिव स्त्रोतम रिलीज

**मुंबई।** एक्टर सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा की मचअवेटेड फिल्म जटाधरा का नया गाना 'शिव स्त्रोतम' मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। 'शिव स्त्रोतम' में सुधीर बाबू का लुक काफी जबरदस्त है। उन्हें देखकर लगता है कि स्वयं भगवान अवतरित हो गए हों। फिल्म के गाने 'शिव स्त्रोतम' जबरदस्त के ग्राफिक्स को बहुत ही बेहतरीन तरह से पेश किया है। मेकर्स ने इस गाने को रिलीज करते हुए इंस्टाग्राम पर कैप्शन में लिखा, 'वह समय है। वह सत्य है। वह तूफान भी है और शांति भी यही है। शिवस्तोत्रम 'जटाधरा' से.' 'शिव स्त्रोतम' को आधुनिक बीट्स से मिलाकर नए अंदाज में पेश किया गया है, जिससे आज के युवा को कुछ नया देखने को मिले. 'शिव स्त्रोतम' सभी म्यूजिक प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। फैंस को गाना काफी पसंद आ रहा है।

टीवी मसाला



# लाफ्टर शेफ्स 3 में इन सात जोड़ियों ने मारी एंट्री

**नई दिल्ली।** भारतीय टेलीविजन पर जबरदस्त हिट रहा कॉमेडी-कुकिंग रियलिटी शो 'लाफ्टर शेफ्स' अपने तीसरे सीजन के साथ वापसी के लिए पूरी तरह तैयार है। अपनी मजेदार किचन कुकिंग और मस्ती भरे सेलिब्रिटी मोमेंट्स के लिए मशहूर इस शो की मेजबानी हमेशा की तरह भारती सिंह करेंगी और जज शेफ हरपाल सिंह सोखी हैं। इसका नया प्रोमो आ चुका है और इसमें कंटेस्टेंट्स के साथ रिलीज डेट भी कंफर्म हो गई है। फैंस को हंसाने और और गुदगुदाने वाले दो सफल सीजन के बाद, 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' को लेकर उत्साह पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गया है। अपने दूसरे बच्चे के साथ प्रेग्नेंट होने के बावजूद भारती अपनी खास एनर्जी लेकर वापस आ गई हैं। शो का प्रोमो आते ही दिख गया कि इसमें कौन से कंटेस्टेंट्स होंगे। सबसे पहले तो कृष्णा अभिषेक और अली गोनी हवा में लटके हुए दिखते हैं। फिर एल्विश और करण की एंट्री होती है। समर्थ और अभिषेक भी इस सीजन में लौट चुके हैं। फिर जन्नत जुबैर आती हैं। इसके बाद विवियन डीसेना और गुरमीत चौधरी की डांस करते हुए एंट्री होती है। वहीं, तीन लड़कियां तेजस्वी, ईशा सिंह और ईशा मालवीय आती हैं। अंत में देबिना की भी झलक दिखाई देती है। फिर कश्मीरा शाह हरपाल सिंह के साथ बाइक पर बैठकर आती हैं। यह शो 'पति पत्नी और पंगा' की जगह लेगा और 22 नवंबर, 2025 को प्रीमियर होगा, जो हर वीकेंड रात 9 से 9:30 बजे कलर्स टीवी पर प्रसारित होगा। इसके एपिसोड जियो हॉटस्टार पर भी स्ट्रीम किए जाएंगे। तमिल हिट 'कुकू विद कोमाली' से प्रेरित यह शो खाना पकाने की चुनौतियों के साथ ह्यूमर के लिए जाना जाता है।

## पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन मोड में दिखे जिमी और सिद्धार्थ

**नई दिल्ली।** जिमी शेरगिल और सिद्धार्थ की अदाकारी वाली सीरीज 'ऑपरेशन सफेद सागर' का पहला लुक जारी कर दिया गया है। 2 नवंबर को सेखों भारतीय वायुसेना मैराथन उद्घाटन के मौके पर मेकर्स ने फिल्म का पहला लुक जारी किया है। नेटफ्लिक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 'ऑपरेशन सफेद सागर' का पहला लुक जारी किया है। वीडियो जारी करते हुए पोस्ट में लिखा 'इतिहास में दुनिया का सबसे बड़ा हवाई ऑपरेशन। सबसे बड़ा सम्मान। नेटफ्लिक्स पर जल्द आ रही है ऑपरेशन सफेद सागर सीरीज।' 'ऑपरेशन सफेद सागर' के पहले लुक में दिखाया गया है कि जिमी शेरगिल और सिद्धार्थ के साथ कई दूसरे एक्टर्स पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन मोड में हैं। वह पाकिस्तान के खिलाफ सख्त एक्शन लेते हैं।



# किंग का टाइटल रिवील शाहरुख का फर्स्ट लुक है खतरनाक

**मुंबई।** शाहरुख खान के जन्मदिन पर फैंस को एक बड़ा सरप्राइज मिला है। दरअसल, उनके बर्थडे पर निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने उनकी मच अवेटेड फिल्म 'किंग'का टाइटल रिवील वीडियो जारी किया। इस टीजर वीडियो में एसआरके का लुक दिखाया गया है और रिलीज डेट के बारे में भी हिंट दिया है। बता दें सिद्धार्थ आनंद और शाहरुख खान पहले 'पठान' जैसी ब्लॉकबस्टर में साथ काम कर चुके हैं। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और मार्फ्लिक्स पिक्चर्स के बैनर तले बनी फिल्म 'किंग' साल 2026 में रिलीज होगी। यह फिल्म दर्शकों को शाहरुख खान का ऐसा रूप दिखाने वाली है जैसा उन्होंने पहले कभी नहीं देखा होगा। एक बार फिर रोमांस के बादशाह फुल एक्शन मोड में दिखेंगे, जैसा कि मेकर्स ने किंग टाइटल रिवील में साबित कर दिया है। यह फिल्म एक स्टाइलिश और जबरदस्त एक्शन एंटरटेनर है, जो स्टाइल, करिश्मा और थ्रिल को नए तरीके से पेश करेगी। सिद्धार्थ आनंद की यह अब तक की सबसे बड़ी और मसालेदार फिल्म मानी जा रही है, जो उनके एक्शन स्टोरीटेलिंग को एक नए




लेवल पर ले जाएगी। किंग का टाइटल रिवील शाहरुख खान के बर्थडे पर रिलीज किया गया, जहां हम देखते हैं उस इंसान को जिसे सब किंग खान कहते हैं, अब वो उसी नाम के रोल में दिख रहे हैं और वो भी दमदार और जोश से भरे हुए अंदाज में।

# बॉलीवुड के 'बैड बॉयज' का रियूनियन एक साथ आए सभी खूंखार खलनायक

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में खलनायकों का भी एक दौर था, जिनकी झलक से भी दर्शकों की सांसें थम जाती थीं। इन्ही में रंजीत, रजा मुराद, किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर भी शामिल थे। भले ही ये अब सिल्वर स्क्रीन पर कम नजर आते हैं, लेकिन एक समय था, जब सिल्वर स्क्रीन पर इनका खूब बोल-बाला था। फिल्मों में इन खलनायकों का हीरो से भी ज्यादा दबदबा था। इसी बीच दर्शकों को पुराने दौर के विलेन की याद दिलाने के लिए अभिनेता रजा मुराद ने सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें पोस्ट कीं। एक्टर ने इंस्टाग्राम पर जो तस्वीर पोस्ट की, उसमें रजा मुराद के साथ किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर भी नजर आ रहे है। अभिनेता ने पोस्ट कर मजाकिया अंदाज में कैप्शन लिखा, 'भारत के चार सबसे शरीफ, सीधे-सादे मासूम भोले-भाले महापुरुष।'



### पर्दे पर था विलेन्स का दबदबा

बता दें कि हिंदी सिनेमा में एक खलनायकी का दौर था, जब कुछ चुनिंदा चेहरे विलेन का दमदार रोल निभाते थे। इन्हीं में से थे रजा मुराद, किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर। इन्होंने खलनायक बनकर काफी नाम कमाया। जहां रंजीत खतरनाक विलेन के तौर पर जाने जाते थे, तो रजा मुराद की दमदार आवाज ही दर्शकों को चुप करा देती थी। ऐसे ही किरण कुमार की उपस्थिति ही काफी होती थी और गुलशन ग्रोवर एक 'बैड मैन' थे, जिन्होंने विलेन के किरदार इतनी शिद्दत से निभाए कि अपनी खलनायक की छवि को नहीं तोड़ पाए। उनकी 'बैडमैन'इमेज अपने आप में एक ब्रांड भी बन गई। हालांकि, चारों को एक साथ किसी भी फिल्म में साथ में नहीं देखा गया है, लेकिन रजा, गुलशन और रंजीत साल 1997 की एक्शन फिल्म 'शपथ'में साथ नजर आ चुके है। फिल्म का निर्देशन राजीव बब्बर ने किया था, जिसमें मिथुन चक्रवर्ती, जैकी श्रॉफ, रम्या कृष्णा और शक्ति कपूर मुख्य भूमिका में थे। 12 दिसंबर 1997 को रिलीज हुई 'शपथ'बॉक्स ऑफिस पर सेमी-हिट साबित हुई। इसमें खलनायकों ने शानदार काम किया था।

## ये देश की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' के ठीक एक साल बाद रिलीज हुई थी

# 1 फिल्म में समाए 72 गाने, 93 साल बाद भी कोई नहीं तोड़ पाया रिकॉर्ड

***नई दिल्ली।*** *इंडियन फिल्मों में गानों का खूब क्रेज रहता है। आज से नहीं, बल्कि दशकों पहले से ऐसा होता आ रहा है। मुगल-ए-आजम को ही ले लीजिए। इसके गीत जब प्यार किया तो डरना क्या को उस जमाने में लाखों रुपए खर्च करके बनाया गया था। वो दौर, जब चंद लाख में फिल्में बन जाया करती थी। ठीक आज भी करण जौहर से लेकर यश चोपड़ा के बैनर तले बनने वाली फिल्मों को ही देख लीजिए। ये एक एक गानों को एक उत्सव की तरह सेलिब्रेट करते हैं। दुनिया की सबसे खूबसूरत वादियों पर गानों को शूट करते हैं। लाखों-करोड़ों रुपये बहाते हैं और बेस्ट ट्रैक तैयार करते मगर क्या आप जानते हैं उस फिल्म के बारे में जिसमें सबसे ज्यादा गाने थे। अगर आपके जहन में हम आपके हैं कौन, रॉकस्टार, डीडीएलजे, ताल, मोहब्बतें जैसी किसी फिल्म का नाम आ रहा है तो ठहर जाइए. क्योंकि जिस फिल्म के नाम सबसे ज्यादा गाने का रिकॉर्ड है वो आई थी साल 1932 में. जिसमें 72 गाने थे।*

## जहानारा और मास्टर निसार ने लीड रोल किए थे प्ले

इस फिल्म को जेएफ मदन ने बनाया और जहानारा कज्जन और मास्टर निसार ने लीड रोल प्ले किए थे। जहानारा का जन्म मशहूर तवायफ सुग्गन बेगम के घर हुआ। जो बेहतरीन सिंगर थीं और इंद्रसभा फिल्म से छा गई थीं। इस फिल्म का नाम है 'इंद्र सभा'। साल 1932 में आई फिल्म 'इंद्र सभा' में शुरुआत में 72 गाने थे। जबकि कुछ रिपोर्ट्स का दावा है 69 तो कुछ का कहना है 71 गाने। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने 'इंद्र सभा' फिल्म का नाम सबसे ज्यादा गाने वाली फिल्म के रूप में दर्ज किया। ये देश की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' के ठीक एक साल बाद रिलीज हुई थी।




## पहली बार 1853 में स्टेज पर परफॉर्म किया गया था 'इंद्र सभा'

इंद्र सभा प्ले की बात करें तो ये एक उर्दू प्ले था। जो पहली बार 1853 में स्टेज पर परफॉर्म किया गया था। इसे पहला कंप्लीट उर्दू मंच नाटक माना जाता है। जिसे जर्मन में भी ट्रांसलेट किया गया था। अगर बीते कुछ सालों की फिल्मों के गानों की बात करें तो सूरज बड़जात्या की म्यूजिकल फिल्म 'हम आपके हैं कौन' में 14 गाने तो सुभाष घई की 'ताल' में 12 गाने थे। वहीं, आज के जमाने की रॉकस्टार में 14 गाने थे। इस हिसाब से आज तक कोई इस फिल्म का 93 साल बाद भी रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाया है।

## मणिलाल ने किया था डायरेक्ट

'इंद्र सभा' को मणिलाल जोशी ने डायरेक्ट किया था। उस जमाने की ये एक विशाल फिल्म थी जिसकी समय अवधि 211 मिनट थी। फिल्म की लंबाई की वजह थी इसके अंदर के गान। ये फिल्म आगा हसन अमानत के नाटक पर आधारित थी, जिसमें केरेक्टर का इंट्रोडक्शन भी म्यूजिकल अंदाज में दिया गया था। जैसे पहले नाटक में हुआ करता था। द कैम्ब्रिज गाइड टू एशियन थिएटर में, जेम्स आर ब्रैंडन ने कहा गया कि प्ले में 31 गजल, 9 ठुमरी, 4 होली, 15 गाने, दो चौबोले और पांच छंद शामिल थे। लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी बताया गया है कि फिल्म में हर केरेक्टर के लिए 1 स्पेशल गाना था।

खबर संक्षेप

## श्रद्धांजलि सभा में वितरित किए जाएंगे कंबल

**सोनीपत।** हरियाणा अनुसूचित जाति-पिछड़ा वर्ग-अल्पसंख्यक परिषद् की ओर से जिला महासचिव जसविंद्र सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष हवासिंह बोहत भी मौजूद रहे। मंच संचालन प्रदीप चौपड़ा प्रदेश महासचिव ने किया। यह आयोजन भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करने और उनके आदर्शों को याद करने के लिए किया गया। इस अवसर पर परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष हवासिंह बोहत ने बताया कि 7 दिसंबर को प्रजापति धर्मशाला में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया जाएगा। सभा में मुख्त्यार खान, प्रदीप चोपड़ा, संजय चावरिया, साबीर खान, शबाना बेगम, सरोज बाला, नीतू किराड़, बबीता बोहद, राजेंद्र पारचा, सुरेश बिडलान, नकीन मेहरा, सुरेश कुमार बिडलान, प्रेमसिंह चौहरा, जोगेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान मौजूद प्रबुद्ध जन एवं संस्थाओं के पदाधिकारी।

## मंदिरों के जीर्णोद्धार अभियान की शुरुआत

**सोनीपत।** सेफ इंडिया फाउंडेशन सोनीपत एवं गौमुख वर्ल्ड फाउंडेशन सोनीपत द्वारा नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मंदिरों के जीर्णोद्धार अभियान की विधिवत शुरुआत की गई। शाम 5 बजे ग्राम कालूपुर स्थित शिव मंदिर में कार्यारंभ किया गया। इस अभियान का शुभारंभ राष्ट्रीय विचारक एवं प्रांत प्रचार प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हरियाणा राजेश गोयल के कर-कमलों द्वारा किया गया तथा कन्याओं को भी शुभ मुहूर्त में शामिल किया गया। संजय सिंगला, डॉ. सुरेश गोयल व वाईके त्यागी ने बताया कि इस मुहिम का उद्देश्य नगर निगम क्षेत्र के मंदिरों में सुविधा, सौंदर्य और श्रद्धा का समन्वय स्थापित करना है। अभियान के अंतर्गत मंदिरों में आवश्यक सुधार कार्य किए जाएंगे। एडवोकेट अरविन्द मित्तल, एडवोकेट शिव कुमार मित्तल, मंदिर प्रधान वेद, पार्षद मोनिका नागर, राजेश आदि मौजूद रहे।

## सिसाना में धूमधाम से मनाया श्री खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव

*श्रद्धालुओं के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय*

# हारे का सहारा के दरबार में मत्था टेक सुख-समृद्धि की कामना की



**खरखौदा।** कार्यक्रम में भजन सुनाते गायक।



**खरखौदा।** श्री श्याम बाबा के समक्ष मत्था टेकते हुए महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

*गायकों ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया था*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा**

सिसाना गांव स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर ब्रह्मर्थ धाम में रविवार को श्याम बाबा का जन्मोत्सव श्रद्धा और भक्ति के रंग में डूबा नजर आया। पूरे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ती रही। भक्तों ने श्याम बाबा के दरबार में मत्था टेककर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी लाइटों, फूलों और झालरों से आकर्षक रूप से सजाया गया था। भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। श्रद्धालुओं के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम के दौरान मेले का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने झूलों का आनंद लिया जबकि महिलाओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। देर रात तक चले आयोजन में श्रद्धालु भजनों पर नाचते-गाते नजर आए। श्याम बाबा का दरबार फूलों और लाइटों से भव्य रूप में सजाया गया था, जहां भक्तों ने बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन से जुड़े सेवक प्रदीप ने बताया कि यह वार्षिक आयोजन भक्तों के सहयोग और श्रद्धा से हर वर्ष की भांति इस बार भी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में आर्थिक योगदान करने वाले लोगों को पगड़ी, प्रसाद के रूप में छप्पन भोग व श्याम बाबा का चित्र भेंट करके सम्मानित किया गया। रविंद्र ठेकेदार, रणदीप दहिया, सीलक राम, पवन बूरा, पंडित नरेंद्र, सुरेंद्र ,सोनू, दीपक, रवि मौजूद रहे।



**खरखौदा।** भजनों पर नृत्य करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

## अपने दायित्वों का निर्वहन हमेशा ईमानदारी के साथ किया : मीणा



**गन्नौर।** डीडीए) में कार्यरत राजलू गढ़ी निवासी सीनियर स्टैटिस्टिकल असिस्टेंट राजकुमार राठी का सम्मान करते हुए अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

■ दिल्ली विकास प्राधिकरण के सीनियर स्टैटिस्टिकल असिस्टेंट राजकुमार राठी सेवानिवृत्त, सम्मानपूर्वक दी गई विदाई

**गन्नौर।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) में कार्यरत राजलू गढ़ी निवासी सीनियर स्टैटिस्टिकल असिस्टेंट राजकुमार राठी 41 वर्ष की लंबी और सफल सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए। उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों और सहकर्मियों ने उपस्थित होकर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अधीक्षण अभियंता टीआर मीणा ने राजकुमार राठी की सेवाओं और कार्यशैली की सराहना की। उन्होंने कहा, "राजकुमार राठी जैसे कर्मचारी किसी भी संस्था की असली पूंजी होते हैं। उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन हमेशा ईमानदारी, निष्ठा और अनुशासन के साथ किया है। उनका अनुभव आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत रहेगा।" इस अवसर पर टीआर मीणा ने राठी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान अधिशासी अभियंता तरुण गौड़, जितेंद्र और नवीन मलिक ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अपने विदाई संबोधन में राजकुमार राठी ने भावुक होकर कहा मुझे गर्व है कि मैंने इस संस्था में 41 वर्षों तक सेवा दी। मुझे जो सम्मान और प्रेम आप सबने दिया, वह मेरे जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि वे भले ही सेवानिवृत्त हो रहे हैं, लेकिन दिल्ली विकास प्राधिकरण और अपने सहयोगियों से उनका आत्मिक जुड़ाव हमेशा बना रहेगा।

*सामुदायिक केंद्र मोहन नगर, सोनीपत में मेगा स्वास्थ्य जांच व रक्तदान शिविर का आयोजन किया*

# 174 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा और 15 समाजसेवियों ने किया रक्तदान



**सोनीपत।** शिविर में रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए। फोटो : हरिभूमि

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

सेफ इंडिया फाउंडेशन, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन (जिला, महिला एवं युवा इकाई), श्री श्याम बालाजी सेवा मंडल, रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत एक्सीलेंस, कृष्णा देवी श्याम मिष्ठान भंडार, श्री खाटू श्याम मंदिर ट्रस्ट एवं सोनीपत धाम के संयुक्त तत्वावधान में सामुदायिक केंद्र मोहन नगर, सोनीपत में मेगा स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 174 मरीजों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ लिया तथा 15 समाजसेवियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। डॉ. हिमांशु गोयल व सौम्या जैन ने 37 मरीजों की जांच की। सक्सेना अस्पताल की टीम में महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्चना, जनरल फिजिशियन डॉ. काजल, हड्डियों के विशेषज्ञ डॉ. प्रवेश मुदगिल, डाइटीशियन डॉ. निशा व जनरल मैनेजर किरण मिश्रा ने मिलकर कुल 174 मरीजों की जांच की। वर्मा लैब द्वारा मरीजों के शुगर व बीपी की जांच की गई। फैमिली डेंटल क्लिनिक के डॉ. वरुण शर्मा व डॉ. इरफान ने 25 मरीजों के दांतों की जांच की। अनिपाल लाकड़ा ने सर्वाइकल रोग का निःशुल्क उपचार किया। डॉ. एसएन गुप्ता, राजेश गुप्ता और प्रमिला द्वारा मरीजों को तीन दिन की दवाइयां निःशुल्क वितरित की।

**ये रहे मौजूद**

शिविर में सेफ इंडिया फाउंडेशन के प्रधान संजय सिंगला, शुभम, प्रिंस, लोकेश, नगिता, रोटरी ब्लड बैंक टीम से सीए दीपक गुप्ता, डॉ. संजीत खत्री, डॉ. सुरेश गोयल, अमन, विशाल, तन्नू, नेहा, सतीश माथुर, विवेक गर्ग, नरेंद्र भूटानी, अविनाश सेठी, दीपक सिंगला, मुकेश मित्तल, डॉ. कैलाश पाराशर, संजीव मित्तल, रमेश बंसल, अनिल भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

*कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित*

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को ईसीसीई बारे प्रशिक्षण दिया



**गोहाना।** डब्ल्यूसीडीपीओ निर्मल आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र देते हुए। फोटो : हरिभूमि

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना**

महिला एवं बाल विकास विभाग के कथूरा खंड कार्यालय में रॉकेट लर्निंग के सहयोग से ईसीसीई (प्रारंभिक बाल देखभाल एवं शिक्षा) से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को विषय संबंधित प्रशिक्षण दिया । डब्ल्यूसीडीपीओ निर्मल ने कार्यकताओं को संबोधित करते कहा कि बच्चों के सम्पूर्ण विकास के लिए प्रारंभिक देखभाल एवं शिक्षा देना आवश्यक है। किसी भी बच्चे का बचपन उसके भविष्य का आधार होता है। जब जीवन की नींव मजबूत होगी तभी बच्चा बड़ा होकर एक कुशल नागरिक बन सकेगा। डब्ल्यूसीडीपीओ ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम कार्य की गुणवत्ता बढ़ाने और समुदाय से जुड़ाव मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम में सराहनीय प्रदर्शन करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक कोमल एवं सुपरवाइजर पिंकी उपस्थित रहीं।

## बालकांड में राम विवाह की घटना का वर्णन किया



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान सुंदरकांड का पाठ करते हुए।

**सोनीपत।** श्री राम परिवार, सोनीपत द्वारा श्री सुन्दरकाण्ड का पाठ, हरिनाम संकीर्तन एवं श्री रामकथा का कार्यक्रम मपेस्को ग्लेरिया सैक्टर 26 सोनीपत में रखा गया। संस्था के प्रमुख ओमप्रकाश अरोड़ा ने बालकाण्ड में सीता के साथ राम के विवाह का वर्णन किया गया है जो रामायण की सबसे महत्वपूर्ण घटनाओं में से एक है। राम के विवाह के बाद सीता उनके जीवन का एक अभिन्न अंग बन जाती है और उन्हें राम के जीवन की प्रमुख महिलाओं में से एक के रूप में देखा जाता है। सीता को एक आदर्श पत्नी और देवी के रूप में चित्रित किया गया है और वह त्याग और शक्ति दोनों का प्रतीक है। इस अवसर पर पवन सहगल, ललित बत्रा, चन्द्रकांत, दिनेश, महेश पांडेय, मेहर चन्द, धीरज, मुकेश, कमल, दीपू उपस्थित रहे। तत्पश्चात आरती एवं अमृतमय प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हुआ।



## हरियाणा लेखक मंच का चतुर्थ वर्षीय वार्षिक सम्मेलन संपन्न

**सोनीपत।** हरियाणा लेखक मंच का चतुर्थ वर्षीय वार्षिक सम्मेलन फारूक खालसा सीसे स्कूल अंबाला कैंट में 2 नवंबर को आयोजित किया, जिसके दो सत्रों में 'आज की कहानी' तथा 'आज की गजल' पर विस्तृत एवं सार्थक विचार विमर्श हुआ। प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता अंबेडकर विवि, नई दिल्ली से पधारे डॉ. वैभव सिंह रहे एवं अध्यक्ष की भूमिका का वहन डॉ. कमलेश मलिक रिटायर्ड प्राचार्या, टीकाराम गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत द्वारा किया। डॉ. मलिक ने कहानी में संवेदना भावात्मकता तथा पठनीयता जैसी जरूरी शर्तों का उल्लेख करते आज की कहानी में आधुनिकता के नाम पर शाश्वत सत्य का अभाव, नैतिक मूल्यों का हनन, यथार्थ के नाम पर परोसी जाने वाली फूहड़ता,ऊपर से थोपी तानाशाही सोच एवं वैचारिक दृष्टिकोण के अभाव से आज के कहानी साहित्य में उत्पन्न अंतः विरोधों को रेखांकित किया । सम्मेलन में अधिकांश भाग से उपस्थित साहित्यकारों की पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई गई।

## विधायक ने समारोह में पहुंचने का किया आह्वान



**खरखौदा।** गोपालपुर वासियों को संबोधित करते विधायक पवन खरखौदा। फोटो : हरिभूमि

**खरखौदा।** रविवार को विधायक पवन खरखौदा ने गांव बिधलान, चौलका ,थाना कलां, थाना खुर्द, मंडोरा, मंडोरी, कंवाली, मोहम्मदाबाद व गोपालपुर में किया जनसंपर्क और अमर बलिदानी कुशाल सिंह दहिया के 350 वें बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में आगामी 14 नवंबर को राजीव गांधी एजुकेशन सिटी में राज्य स्तरीय समारोह में पहुंचने का निमंत्रण दिया। गांव गोपालपुर में ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस आयोजन में प्रदेशभर से श्रद्धालु और समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल होंगे। भारत सदा से ऐसे वीरों की जन्मभूमि रहा है जिन्होंने धर्म, सत्य और मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। इन्हीं में से एक बढ़खालसा (गढ़ी दहिया) गांव के वीर बलिदानी कुशाल सिंह दहिया थे। जिन्होंने 17 वीं सदी में गुरु तेग बहादुर जी के पवित्र शीश की रक्षा के लिए अपना शीश अर्पित कर इतिहास में अमर स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर सरपंच विनोद दहिया, मुकेश, आनंद दहिया, शक्ति ठेकेदार, प्रदीप सेन, अजीत उर्फ काला, जीते सिंह उर्फ जीते, योगेश पटवारी व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## 32वें दिन जारी रही हड़ताल, ठेका प्रथा का किया जाएगा पुतला दहन



**सोनीपत।** नगर निगम में विरोध प्रदर्शन करते हुए सफाई कर्मचारी।

**सोनीपत।** ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच संबंधित मूलनिवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ सहयोग बली सेना सोनीपत यूनियन 32वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता प्रधान मुकेश टांक की और संचालन सहसचिव युधिष्ठिर ने किया। प्रधान ने बताया कि 3 नवंबर सोमवार को ठेका प्रथा का पुतला दहन किया जाऐगा। उन्होंने बताया कि बदले की भावना से हटाए हुए कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार किया गया हैं। क्या इनका परिवार नहीं, इनके बच्चो का व परिवार का भविष्य खराब किया जा रहा हैं। बच्चो और परिवार की स्थिति खराब होने के कारण ये हटाए हुए कर्मचारी बहुत ही परेशान हैं। इस परेशानी से ये कर्मचारी आमरन अनशन पर चले जाएंगे और दिन रात बैठे रहेंगे। धरने में सावन कुमार, मुकेश कर्मा, रामकुमार, विक्की, अमित, माया आदि मौजूद रहे।

**प्रतियोगिता** जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में प्रतियोगिता का सफल आयोजन

# स्केच टू सिंबल लोगो डिजाइन प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

■ कार्यक्रम में कॉलेज के विभिन्न संकायों से 35 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

जीवीएम गर्ल्स कॉलेज के जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संस्थान नवाचार परिषद और बौद्धिक संपदा अधिकार सेल के सहयोग से 'स्केच टू सिंबल' लोगो डिज़ाइन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, मौलिकता और नवाचार की सोच को प्रोत्साहित करना तथा आधुनिक विज्ञान एवं उद्यमिता में पहचान निर्माण और बौद्धिक संपदा के महत्व को रेखांकित करना था। कार्यक्रम में कॉलेज के विभिन्न संकायों से 35 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया व अपने अनूठे, कल्पनाशील एवं प्रेरणादायक लोगो डिज़ाइन प्रस्तुत किए। इस सफल आयोजन पर संस्था के प्रधान डॉ ओपी परुथी व प्राचार्या डॉ मंजुला स्पाह ने बधाई दी। प्रतिभागियों की रचनाओं का मूल्यांकन रोजी चोपड़ा और डॉ. प्रगति जमदग्नि द्वारा रचनात्मकता, विषय की प्रासंगिकता, मौलिकता और दृश्य प्रभाव के आधार पर किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन तथा आयोजन जैव प्रौद्योगिकी विभाग एवं आईआईसी और आईपीआर सेल की सक्रिय सहभागिता से हुआ।



**सोनीपत।** प्रतिभागी छात्राओं के साथ प्राचार्या एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर उपस्थित संकाय सदस्यों ने विजेताओं को बधाई दी और प्रतिभागियों के उत्साह एवं प्रतिभा की प्रशंसा की। प्रतियोगिता में प्रज्ञा चौधरी विजेता रही। इस अवसर पर डॉ. प्रगति जमदग्नि, डॉ. पर्वीन शर्मा, डॉ. संगीता सिंह, डॉ. सविता, कुसुम, डॉ. रेनू रानी, प्रीति चुघ, डॉ. तमन्ना कुमारी, डॉ. नवीन कुमारी, रुचिका वर्मानी एवं डॉ. निहारिका उपस्थित रही।

*सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के संकल्प के साथ हुआ शालिग्राम तुलसी विवाह*

# कन्या भ्रूण हत्या को जड़ से समाप्त करने के लिए लिया आठवां वचन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान नृत्य करते श्रद्धालुगण। फोटो : हरिभूमि

मन्दिर श्री ठाकुर द्वारा कल्याण नगर में रविवार को देव उठायनी एकादशी के दिन तुलसी शालिग्राम का विवाह पूरे विधि-विधान से किया गया। शालिग्राम वर पक्ष की ओर से मन्दिर समिति प्रधान पवन वीना तनेजा और तुलसी वधु पक्ष की ओर से शालिनी बत्रा ने विवाह की रस्में निभाई। विधायक निखिल मदान की माता मानसी मोहन मदान एवं ज्योति मदान ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान शगुन के रूप में मात्र एक रूपया लेकर समाज में फैली दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त किए जाने का संकल्प लिया गया। श्रद्धालुओं ने कन्या भ्रूण हत्या को जड़ से समाप्त किए जाने की शपथ ली। हवन के उपरांत श्रद्धालुओं ने भंडारे में दाल रोटी हलवे का प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर मन्दिर प्रधान पवन तनेजा, महासचिव प्रेम नारंग, सचिव महेंद्र बत्रा, प्रेम वधवा, राकेश बत्रा, रमेश मानकटालिया, अशोक पुरी, गीतेश नागपाल, महिला मंडली की प्रधान द्रोपदी थरेजा, महासचिव वीना तनेजा, राज मुंजाल, प्रकाश आहूजा, रितु नंदा, यशोवंती शर्मा, मोना गुगलानी, वर्षा वर्मा, कांता गोयत, सरोज मानकतालिया, कृष्णा छाबड़ा, नीलम शर्मा, सरोज मल्होत्रा, तारावंती बग्गा, पुष्पा मलिक, अनीता शर्मा, सुदेश वधवा, सुमन चोपड़ा आदि मौजूद रहे।



गन्नौर। मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र बढ़खालसा दादा कुशाल सिंह की स्मृति को होने वाले कार्यक्रम का न्यौता देते हुए।

## ग्रामीणों को दिया 14 नवम्बर के कार्यक्रम का न्योता

**गन्नौर।** मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र बढ़खालसा ने रविवार को गन्नौर के गांव चिरस्मी, बेगा में ग्रामीणों से मुलाकात कर उन्हें 14 नवम्बर को राई स्थित राजीव गांधी एजुकेशन सिटी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता दिया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम अमर बलिदानी "शीश के दानी" दादा कुशाल सिंह दहिया की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है। बढ़खालसा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे,उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली भी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम हरियाणा के गौरवशाली इतिहास और शहीदों के बलिदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा। ग्रामीणों ने भी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आश्वासन दिया।इस अवसर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात के जिला संयोजक आजाद सिंह नेहरा, राय से भाजपा युवा नेता पुनीत राई, मार्केट कमेटी गन्नौर के चेयरमैन निशांत छौक्कर, वाइस चेयरमैन योगेश कौशिक, तथा मंडल अध्यक्ष गौरव कामरा सहित कई पार्टी नेता मौजूद रहे।



गन्नौर। एयर पिस्तौल स्पर्धा में सिल्वर मेडल विजेता विधायक देवेंद्र कादियान स्वागत करते हुए।

## तीन खिलाड़ियों ने नेशनल चैंपियनशिप में जीते मेडल

**गन्नौर।** ओलंपिक इंटरनेशनल शूटिंग एकेडमी के तीन खिलाड़ियों ने तमिलनाडु में 26 अक्टूबर से 1 नवबंर तक आयोजित ऑल इंडिया इंटर स्कूल नेशनल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट में मनू ने एयर पिस्तौल स्पर्धा में सिल्वर मेडल अपने नाम किया। वहीं, दिव्यांशी और प्रयाग ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर अपने शहर व माता-पिता का नाम चमकाया। रविवार को तीनों खिलाड़ी और कोच प्रदीप कुमार गन्नौर लौटे, जहां विधायक देवेंद्र कादियान ने उनका स्वागत किया। विधायक कादियान ने कहा, मनू, दिव्यांशी और प्रयाग ने राष्ट्रीय स्तर पर अपने कौशल और मेहनत से गन्नौर का नाम रोशन किया। यह सफलता युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि युवाओं को खेल और पढ़ाई दोनों में संतुलन बनाकर आगे बढ़ना चाहिए। कोच प्रदीप कुमार ने बताया कि खिलाड़ियों ने कठिन अभ्यास और अनुशासन के साथ तैयारी की थी, और यह मेडल उनकी मेहनत का नतीजा है। इस अवसर पर समाजसेवी अंकित मल्होत्रा, पार्षद वरुण जैन, विक्रम आंतिल, संदीप कुमार, अजय आदि मौजूद रहे।




गन्नौर। स्वामी चेतना वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के छात्र कार्यक्रम के दौरान ।

## हरियाणा दिवस व राष्ट्रीय एकता दिवस पर कार्यक्रम

**गन्नौर।** स्वामी चेतना वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हरियाणा दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने हरियाणा की संस्कृति पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने पारंपरिक परिधानों में लोक नृत्य और गीतों के माध्यम से हरियाणा की समृद्ध परंपराओं को जीवंत किया। वहीं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में रन फॉर यूनिटी सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की। विद्यालय के लगभग 150 छात्रों ने इसमें भाग लिया। बच्चों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। दौड़ जीटी रोड से शुरू होकर मॉडल संस्कृति स्कूल तक आयोजित की गई। विद्यालय प्रबंधन ने छात्रों को सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया और बताया कि देश की एकता और अखंडता बनाए रखने में उनका योगदान अविस्मरणीय है। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति, एकता और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देना रहा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### रैन सभाई कीर्तन समागम में आसन कलां गद्दीशीन ने दिए प्रवचन

# ईश्वर को पाने के लिए सबसे पहले स्वयं को पहचानें : सतनाम सिंह

*कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने भी समागम में शिरकत कर गुरुओं का लिया आशीर्वाद*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गुरु भाई सतनाम सिंह जोधका ने कहा कि समागम केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि आत्मिक जागृति और जीवन के सच्चे उद्देश्य को पहचानने का अवसर है। संत समागम का मुख्य उद्देश्य हर मानव तक ईश्वर ज्ञान यानी ब्रह्मज्ञान का संदेश पहुंचाना है, ताकि हर व्यक्ति अपने मन से अज्ञान का अंधकार मिटाकर आत्मिक शांति और पवित्रता का अनुभव कर सके। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने शिरकत की और गुरुओं का आशीर्वाद लिया। आसन कलां गद्दीशीन भाई सतनाम सिंह जोधका शनिवार को देर रात गुरु नानक धर्मशाला में आयोजित रैन सभाई कीर्तन समागम में प्रवचन रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रेम, नम्रता, भक्ति और एकता का वातावरण इस समागम को दिव्य बनाता है। संतों और भक्तों की संगति, सत्संग के संदेश, कविताएं भजन, प्रवचन और गुरु चर्चा से पूरे परिसर में एक अनोखी भक्ति-भावना फैल जाती है।




गोहाना। गुरु ग्रंथ साहिब को नमन करते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा।

#### संतों ने हमेशा समाज के कल्याण का संदेश दिया : शर्मा

सतनाम सिंह ने कहा कि आत्ममंथन के माध्यम से यह संदेश है कि ईश्वर को पाने के लिए पहले स्वयं को समझना आवश्यक है। अपने भीतर झांककर यह देखना कि क्या हम आलोचना, ईर्ष्या, और द्वेष से मुक्त हैं या नहीं। गुरुओं कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि गुरुओं व साधू संतों ने ही हमेशा से ही समाज के कल्यान के लिए संदेश दिया है और समाज को सही रास्ता दिखाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सच्ची भक्ति केवल शब्दों से नहीं, बल्कि कर्मों से होती है। जब हम हर कार्य में ईश्वर को शामिल करते हैं, सेवा, ध्यान और सत्संग को प्राथमिकता देते हैं, तभी मन की वास्तविक शांति प्राप्त होती है।

#### मंत्री ने की 11 लाख रुपये देने की घोषणा

कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने गुरु नानक धर्मशाल के निर्माण के लिए 11 लाख रुपये देने की भी घोषणा की। इस अवसर पर सभा प्रधान सुरेश मक्कड़, सोनू मक्कड़, रवि सिंधवानी, मनोज बजाज, दिक्षांत, सुरेश अरोड़ा, पारस वधवा व साहिल वधवा आदि उपस्थित रहे।

## नगर कीर्तन के साथ मनाया गुरु नानक देव का प्रकाश महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

शहर में रविवार को गुरुद्वारा श्री सिंह सभा द्वारा गुरु नानक देव का 556वां प्रकाश महोत्सव बड़ी श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। समारोह के अंतर्गत शहर में नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन में भारी तादाद में श्रद्धालुओं द्वारा वाहे गुरु जी का खालसा, वाहे गुरु जी की फतेह के जयघोष से सडक़ें और गलियां गूंज उठी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर परिषद गोहाना की चेयरपर्सन रजनी विरमानी व उनके पति एवं पंजाबी महासभा के अध्यक्ष इंद्रजीत विरमानी रहे। महामंडलेश्वर जूना अखाड़ा कपिल पुरी महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारा परिसर में अरदास कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने ध्वज के साथ नगर कीर्तन का शुभारंभ किया।



#### समारोह सांस्कृतिक मुल्यों का प्रतीक

चेयरपर्सन ने कहा कि यह समारोह धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों की प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी एकता और समरसता को बल मिलता है। नगर कीर्तन मुगलपुरा से मुख्य बाजार, शहीद चौक, भगत सिंह चौक, पुरानी अनाज मंडी, चौ. देवीलाल स्टेडियम होते हुए गुरुद्वारे में समापन हुआ।

### खरखौदा में उत्साह के साथ निकाला नगर कीर्तन



खरखौदा। नगर कीर्तन में शामिल श्रद्धालु।

**खरखौदा।** गुरु नानक देव जी के 556 वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष में खरखौदा में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ नगर कीर्तन निकाला किया गया। गुरुद्वारा से प्रारंभ हुआ नगर कीर्तन शोभायमान झांकियों, कीर्तन दलों और श्रद्धालुओं के उत्साह के साथ शहर भर में निकाला गया। महिलाओं ने श्रद्धा का परिचय देते पूरे मार्ग पर सफाई की। शहरवासी भी नगर कीर्तन में श्रद्धा भाव से शामिल हुए और गुरु नानक देव जी के बताए सतनाम, सेवा और समभाव के संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया। नगरपालिका खरखौदा के पूर्व उपाध्यक्ष वनदीप उर्फ हैप्पी जेतली, भूरा, अमित सहित क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति, सामाजिक संगठन व नगरवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## सेवानिवृत्त प्रो. रामदिया अब एशियन गेम्स में दिखाएंगे दम

**गोहाना।** तमिलनाडू राज्य की राजधानी चेन्नई में आयोजित होने वाले एशियन गेम्सः 2025 में शिवनगरी धनाना मूल के रोहतक निवासी 84 वर्षीय सेवानिवृत्त एसोसिएट प्रो. रामदिया जाटायन अपनी खेल प्रतिभा का दम दिखाएंगे। उनके इस चयन को लेकर उसके शुभचिंतकों में खुशी की लहर है। प्रो. रामदिया जाटायन एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हैं। चेन्नई स्थित जवाहरलाल नेहरु स्टेडियम में 4 से 10 नवंबर तक एशियन गेम्स आयोजित होंगे। सेवानिवृत्त एसोसिएशट प्रो. रामदिया जाटायन का चयन इन खेलों में 5 किलोमीटर दौड़, 5 किलोमीटर वॉक दौड़, 15 सौ मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़ और 10 किलोमीटर रोड दौड़ प्रतियोगिताओं में हुआ है। वे इन खेलों में 80 प्लस आयु वर्ग अपनी खेल प्रतिभा का दमखम दिखाएंगे। वे पहले भी कई बार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत कर अपनी खेल प्रतिभा के उत्कृष्ट प्रदर्शन से अपने गांव का नाम रोशन कर चुके हैं। इस आयु में खेलों के प्रति उनका यह जुनून युवाओं के लिए किसी प्रेरणा से कम नहीं है।



रामदिया जाटायन।



सोनीपत। मेयर राजीव जैन आर्य समाज में कार्यक्रम के दौरान अपनी बात रखते हुए।

## आर्य समाज ने अंधविश्वास दूर कर वैदिक परंपरा का विस्तार किया : जैन

**सोनीपत।** नगर निगम मेयर राजीव जैन ने कहा की आर्य समाज ने हमेशा अंधविश्वास व भेदभाव दूर कर वैदिक परंपरा का विस्तार किया है। लड़कियों को स्कूल नहीं भेजने की समाज की संकीर्ण मानसिकता के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए आर्य समाज ने शिक्षा की लौ भी जलाई। इसका श्रेय आर्य समाज के संस्थापक महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती को जाता है। इसी मिशन को लेकर स्वामी ने 10 अप्रैल 1875 में आर्य समाज की स्थापना की थी। देश की आजादी में आर्य समाज की प्रभावी भूमिका रही। वह रविवार को आर्य समाज मंदिर मॉडल टाउन में ज्ञान यज्ञ के समापन समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।कार्यक्रम में प्रधान अर्जुन देव, ज्ञानेश्वर त्यागी, उप प्रधान महेश जुनेजा, प्रमोद मल्होत्रा, सुरेश छाबड़ा, आचार्य उद्धर्ष, सुरेंद्र सिंह गुलशन, हरिचंद्र स्नेही, एमएल बत्रा, जवाहर बत्रा, महिला प्रधान मंजू आर्य, सविता मल्होत्रा, दीपा आर्य आदि उपस्थित रहे।

# बच्चों ने हैलोवीन पात्रों में मोहा मन

### मस्ती और रचनात्मकता के साथ मनाया हैलोवीन डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

जीडी गोयंका स्कूल में हैलोवीन डे उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रि-नर्सरी से लेकर कक्षा दूसरी तक के बच्चों ने रंग-बिरंगे और आकर्षक परिधानों में भाग लिया। स्कूल परिसर में चारों ओर उत्साह, मुस्कान और हल्की-सी डरावनी मस्ती का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों के लिए दिखाई गई हैलोवीन थीम वीडियो से हुई, जिससे उन्हें इस पश्चिमी त्योहार के इतिहास और परंपराओं की जानकारी मिली। इसके बाद बच्चों ने एक छोटी सी हैलोवीन मूवी का आनंद लिया, जिसमें उन्होंने हँसी, डर और उत्सुकता के पलों का मज़ा उठाया। छोटे-छोटे बच्चों ने चुड़ैल, भूत, कद्दू, सुपरहीरो और अन्य हैलोवीन पात्रों के रूप में सजकर सबका मन मोह लिया। कुछ बच्चों ने डरावने मेकअप से तो कुछ ने रंगीन पोशाकों से कार्यक्रम में आकर्षण बढ़ाया। शिक्षकों ने बच्चों को इस अवसर पर रचनात्मक सोच और टीमवर्क की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण क्राफ्ट गतिविधि रही। विद्यालय की उप प्रधानाचार्य निधि जैन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। इससे न केवल उनकी कल्पनाशक्ति और रचनात्मकता बढ़ती है, बल्कि वे टीम में मिलकर कार्य करना भी सीखते हैं।




राई। हैलोवीन डे उत्सव में बड़े हर्षोल्लास से जीडी गोयंका स्कूल में मस्ती से कार्यक्रम प्रस्तुत करते ।

# बाबा श्याम की भक्ति में डूबे श्रद्धालु

- गन्नौर में निकाली 8वीं पैदल निशान यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

रविवार को श्री श्याम जन्मोत्सव के अवसर पर द्वादशी संकीर्तन मंडल, गन्नौर की ओर से 8वीं भव्य पैदल निशान यात्रा गन्नौर से चुलकाना धाम तक निकाली गई। यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और बाबा श्याम के जयकारों से पूरा मार्ग गुंजायमान रहा। यात्रा का शुभारंभ रेलवे रोड स्थित शिव पार्क से किया गया। बतौर मुख्यातिथि पहुंचे विधायक देवेंद्र कादियान का आयोजकों ने फूलमाला और पगड़ी से स्वागत किया। विधायक कादियान ने श्याम ध्वज उठाकर यात्रा को रवाना किया और कहा कि गन्नौर वासियों की भक्ति और एकता की यह यात्रा हमारे समाज की असली ताकत को दर्शाती है। । बच्चों, युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं ने मिलकर बाबा श्याम की महिमा का गुणगान किया। पैदल निशान यात्रा ने पूरे कस्बे को भक्तिमय कर दिया। आयोजक सुनील दीवान ने बताया कि 4 नवंबर को शाम सवा 6 बजे बादशाही रोड स्थित दीवान गार्डन में बाबा श्याम के नाम संकीर्तन का आयोजन होगा। इस अवसर पर कलकत्ता से गायक संजय मित्तल, विजय राजपूत, सुनील शर्मा और ट्विंकल शर्मा भजनों के माध्यम से बाबा श्याम की महिमा का बखान करेंगे। आयोजकों ने सभी स्थानीय निवासियों से अपील की कि वे परिवार सहित इस भव्य धार्मिक आयोजन में भाग लें और बाबा श्याम की कृपा प्राप्त करें।



गन्नौर। श्री श्याम जन्मोत्सव के अवसर पर विधायक देवेंद्र कादियान निशान यात्रा में बाबा के जयकारे लगाते हुए।

## अवैध कालोनियों की रजिस्ट्री रोकने को लेकर लिखा पत्र

**गन्नौर।** जिला नगर योजनाकार विभाग ने गन्नौर क्षेत्र में तेजी से फैल रही अनियमित कालोनियों पर सख्ती दिखाते हुए गन्नौर तहसीलदार को पत्र लिखकर अवैध कालोनियों में रजिस्ट्री रोकने के निर्देश दिए हैं। जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा जिन कालोनियों में नोटिस जारी किए जा रहे हैं उनके खसरा व किल्ला नंबरों सहित तहसीलदार को सौंप दिए गए हैं। जिस कारण अब इन जगहों पर रजिस्ट्री नहीं की जा सकेगी। गौरतलब प्रशासन की लगातार कार्रवाई और चेतावनियों के बावजूद गन्नौर क्षेत्र में अवैध कालोनियां पनप रही हैं। विभाग की टीमें समय-समय पर इन कालोनियों में जाकर अवैध निर्माण गिरा रही हैं और संबंधित कालोनाइजरों के खिलाफ केस दर्ज कर रही हैं,। ऐसे में जिला नगर योजनाकार विभाग ने तहसीलदार को उन जगहों पर रजिस्ट्री न करने के लिए फिर से पत्र लिख दिया गया है।



राई। विधायक कृष्णा गहलावत शहीद दादा कार्यक्रम का निमंत्रण देते हुए ।

## शहीद दादा कुशाल सिंह स्मृति दिवस का विधायक गहलावत ने दिया निमंत्रण

**राई।** राई विधानसभा क्षेत्र की विधायक कृष्णा गहलावत ने रविवार को गांव मुरथल सहित दर्जन गांवों मे पहुंचकर ग्रामवासियों को आगामी 14 नवंबर को राई के राजीव गांधी एजुकेशन सिटी में होने वाले बलिदानी शहीद दादा कुशाल सिंह दहिया स्मृति दिवस में शामिल होने का निमंत्रण दिया। उन्होंने ग्रामीणों से बड़ी संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में पधारेंगे और शहीद दादा कुशाल सिंह दहिया की स्मृति को नमन करेंगे। विधायक कृष्णा गहलावत ने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे अपने परिवार सहित 14 नवंबर को राजीव गांधी एजुकेशन सिटी में पहुंचें और इस ऐतिहासिक स्मृति दिवस का हिस्सा बनें। विधायक ने कहा कि जितनी अधिक संख्या में लोग इस कार्यक्रम में भाग लेंगे, उतना ही यह शहीद के सम्मान में सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे ।

## आईपीएल जैसे मॉडल में फिर से शुरू होगी प्रो कुश्ती लीग

- भारतीय कुश्ती संघ की प्रोटोकॉल समिति के चेयरमैन देवेंद्र शर्मा ने दी जानकारी

**गोहाना।** भारतीय कुश्ती संघ अब प्रो कुश्ती लीग को आईपीएल जैसे मॉडल में फिर से शुरू करने जा रहा है। संघ की इस योजना से भारतीय कुश्ती के साथ-साथ हमारे देश के मेधावी पहलवानों को भी वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिलेगी। यह जानकारी गांव मदीना मूल के भारतीय कुश्ती संघ की प्रोटोकॉल समिति के चेयरमैन देवेंद्र शर्मा ने दी। चेयरमैन देवेंद्र शर्मा के अनुसार भारतीय कुश्ती संघ ने प्रो कुश्ती लीग की एक नए अंदाज में आगामी वर्ष 2026 में वापसी की घोषणा की है। वर्ष 2019 में आखिरी सीजन के बाद संघ द्वारा अब यह लीग आईपीएल जैसे मॉडल में फिर से शुरू करने की योजना बनाई है। संघ के इस फैसले से हमारे पहलवानों को अब वैश्विक पटल पर अपनी खेल प्रतिभा का दम दिखाने का नया अवसर प्राप्त होगा। देवेंद्र शर्मा ने कहा कि कुश्ती भारत का न केवल एक पारंपरिक खेल है अपितु यह हमारी पुरातन खेल संस्कृति का भी प्रतीक है। इस बार प्रो कुश्ती लीग को फ्रेंचाइजी आधारित प्राइमरी मॉडल में नया रूप दिया गया है ताकि कुश्ती के साथ देश के पहलवानों को विश्व में नई पहचान मिल सके।



देवेंद्र शर्मा।

### वरिष्ठ नागरिक परिषद ने जन्म दिवस एवं हरियाणा दिवस पर किया सम्मान समारोह आयोजित

# हरियाणा दिवस पर बुजुर्गों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

वरिष्ठ नागरिक परिषद सोनीपत के तत्वावधान में सामुदायिक भवन सैक्टर 14 सोनीपत के सभागार परिषद के प्रधान इंजीनियर बीआर आहूजा की अध्यक्षता में समारोह को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ गायत्री मन्त्रोच्चारण पश्चात वैदिक प्रवक्ता हरि चन्द स्नेही के ब्रह्मत्व में यज्ञ हवन और सत्संग किया गया। जिसमें तारा चन्द कथूरिया और रवीन्द्र कुकरेजा मुख्य यजमान बनाए गए। परिषद के सदस्यों द्वारा संगीत के साथ प्रभु भजन गाकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आरंभ किया।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान शामिल परिषद के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

#### गायकों ने प्रतिभा की छाप छोड़ी

*वरिष्ठ नागरिक परिषद के सदस्यों हरज्ञान सिंह, राम किशन बत्रा, राम फल वर्मा, मनोहर लाल, राजेश धवन, कविराज अरोड़ा, राम स्वरूप वर्मा, निर्मल हंस, डॉ. कमलेश मलिक आदि अनेक गायकों और वक्ताओं ने भी अपनी प्रतिभा की छाप छोड़ी। कार्यक्रम में जिन सदस्यों का जन्म दिवस अक्टूबर में पड़ता है उन 41 सदस्यों को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र आकर्षक उपहार प्रदान करके सम्मानित किया गया।*

#### आयोजकों का जताया आभार

इस समारोह में परिषद के महासचिव सुभाष वशिष्ठ ने मंच का संचालन किया। परिषद प्रधान बीआर आहूजा ने समस्त सदस्यों और आयोजकों का आभार प्रकट किया। समापन से पूर्व मुख्य संयोजक हरि चन्द स्नेही ने सम्मानित होने वाले बुजुर्गों को आशीर्वाद प्रदान किया। समारोह में ओपी एलावादी, डॉ. डीबी रावल, केएल तनेजा, सुखप्रिय शास्त्री, मदन लाल कत्याल, अशोक आर्य, राजेन्द्र गोयल, हरभगवान रहेजा, सदा राम शर्मा, अशोक भगत, राजेश धवन, शिव दयाल चुघ, डॉ. एचसी कुमार, डॉ. इन्दु कपूर, डॉ. सविता कुमार, नारायण सिंह दहिया आदि मौजूद रहे।